# व्यापार, निवेश, तकनीक के खुलेंगे रास्ते



**नई दिल्ली, 27 जनवरी. भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद इसे ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है.**

16वें शिखर सम्मेलन के संयुक्त बयान में व्यापार, निवेश, तकनीक, सप्लाई चेन, रक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग मजबूत करने पर सहमति बनी. भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता होते ही भारतीय शेयर बाजार में उछाल देखा गया. एफटीए से श्रम-आधारित उद्योगों को जीरो ड्यूटी लाभ मिलेगा. यूरोपीय परिषद अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ जारी संयुक्त बयान में नेताओं ने कहा कि यह समझौता व्यापार, निवेश, तकनीक और सप्लाई चेन सहयोग के नए रास्ते खोलेगा. भारत-ईयू एफटीए का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह समझौता केवल एक ट्रेड डील नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है. उन्होंने कहा कि इससे किसानों और छोटे उद्योगों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान होगी, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा.

## भारत में खुलेगा ईयू का पहला लीगल गेटवे ऑफिस

ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने कहा है कि भारत में ईयू का पहला लीगल गेटवे ऑफिस खोला जा रहा है. यह ऑफिस उन भारतीय युवाओं और प्रोफेशनल्स की मदद करेगा, जो यूरोप जाकर पढ़ना, काम करना या बसना चाहते हैं.

**जीरो ड्यूटी का रास्ता साफ:** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) ने भारतीय निर्यात के लिए जीरो ड्यूटी का रास्ता साफ कर दिया है. इस समझौते से टेक्सटाइल, लेदर, फुटवियर, जेम्स एवं ज्वैलरी जैसे श्रम-आधारित उद्योगों को 27 यूरोपीय देशों के विशाल बाजार में बिना शुल्क प्रवेश मिलेगा. केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, इससे रोजगार सृजन, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और निर्यात में तेज बढ़ोतरी होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे साझा समृद्धि का ब्लूप्रिंट बताया, जो मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर, कारीगरों और छोटे उद्योगों के लिए नए अवसर खोलेगा.

### रिश्ते लगातार मजबूत

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम में दोनों पक्षों के 100 से अधिक सीईओ शामिल हुए. पिछले एक दशक में भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं. मिस्री ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी सिर्फ द्विपक्षीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण हो गई है, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीक और रणनीतिक संतुलन तेजी से बदल रहा है. पीएम मोदी, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने भारत- ईयू फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट की वार्ता के समापन की घोषणा की.

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 25 की मौत

### लाखों घरों में बिजली आपूर्ति बाधित

**वाशिंगटन, 27 जनवरी. अमेरिका में जारी भीषण बर्फीले तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. रविवार तक इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 25 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है.**

टेनेसी, मिसिसिपी और लुइसियाना सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं, जबकि टेक्सास से न्यू इंग्लैंड तक व्यापक असर देखा गया. भारी बर्फबारी, तेज हवाओं और कड़ाके की ठंड के चलते बिजली आपूर्ति ठप, हजारों उड़ानें रद्द और यातायात बाधित हुआ. बर्फीले तूफान के कारण अमेरिका के कई हिस्सों में आपात स्थिति बनी हुई है. लाखों घरों में बिजली गुल है.



### बर्फीले तूफान में जेट क्रेश, 7 मौतें

**वाशिंगटन.** अमेरिका के मेन राज्य में बांगोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बर्फीले तूफान के बीच एक निजी व्यावसायिक जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत और एक चालक दल सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया. संघीय विमानन प्रशासन के अनुसार, बॉम्बार्डियर चैलेंजर 600 विमान रविवार रात उड़ान के दौरान हादसे का शिकार हुआ. दुर्घटना के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और क्षेत्र में शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी थी. एक निजी जेट के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई.

# पंजाब की झांकी में दिखी संघर्ष की झलक

### केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस पर झांकी की सराहना की

**नई दिल्ली,27 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर निकली पंजाब की झांकी ने देशभर का ध्यान खींचा.**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस झांकी की सराहना करते हुए इसे श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के सर्वोच्च बलिदान और मानवता के संदेश का प्रभावी प्रतीक बताया. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह प्रतिक्रिया साझा की. गणतंत्र दिवस पर



आयोजित राष्ट्रीय परेड में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक विरासत को प्रस्तुत किया गया.

> केजरीवाल ने पोस्ट में कहा कि पंजाब की यह झांकी पूरे देश को गुरु तेग बहादुर साहिब जी के बलिदान और मानवता के संदेश से गौरवान्वित करती है. उन्होंने इसे नमन करते हुए कहा कि यह प्रस्तुति भारतीय मूल्यों, सहिष्णुता और मानव अधिकारों की रक्षा की भावना को दर्शाती है. झांकी में ऐतिहासिक दृश्यों, पारंपरिक कला और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर साहिब जी के संघर्ष और योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया.

# यूएफबीयू के आह्वान पर देशव्यापी बैंक हड़ताल

**नई दिल्ली, 27 जनवरी.** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर देशभर में अलग-अलग स्थानों पर बैंककर्मियों की हड़ताल व्यापक रूप से एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हुई. दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु सहित प्रमुख महानगरों से लेकर राज्य एवं जिला मुख्यालयों तक बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी न्यायोचित मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया. बता दें कि बैंकों में फाइव डे वर्किंग वीक को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर बैंक हड़ताल की गई है.

# ट्रम्प ने द .कोरिया पर 25% टैरिफ बढ़ाया

### सियोल ने कहा-आधिकारिक सूचना नहीं मिली

**वॉशिंगटन डीसी, 27 जनवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दक्षिण कोरिया से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया है.**

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि साउथ कोरिया पिछले वर्ष हुए व्यापार समझौते पर अपेक्षित अमल नहीं कर रहा. यह बढ़ा हुआ टैरिफ कारों, लकड़ी, दवाओं और अन्य उत्पादों पर लागू होगा. ट्रम्प के अनुसार, कोरियाई संसद व्यापार समझौते को मंजूरी देने में देरी कर रही है, जबकि



अमेरिका अपनी ओर से टैरिफ में कटौती कर चुका है. उन्होंने दावा किया कि समझौते के तहत दक्षिण कोरिया को अमेरिका में 350 अरब डॉलर का निवेश करना था. अमेरिकी वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में दक्षिण कोरिया ने अमेरिका को करीब 132 अरब डॉलर के सामान का निर्यात किया.

> टैरिफ बढ़ने से इन उत्पादों की अमेरिकी बाजार में कीमतें बढ़ सकती हैं. उधर, साउथ कोरिया ने कहा है कि उसे टैरिफ वृद्धि की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली. सियोल ने इस मुद्दे पर तत्काल बातचीत की मांग की है. कोरिया के उद्योग मंत्री किम जंग-क्वान जल्द वॉशिंगटन जाकर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से मुलाकात करेंगे. दोनों देशों के बीच यह व्यापार समझौता पिछले वर्ष अक्टूबर में हुआ था, जिसे 26 नवंबर को कोरियाई नेशनल असेंबली में पेश किया गया.

# बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली, 27 जनवरी.** संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने विधायी और अन्य एजेंडों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई. रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में 35+ पार्टियों के सांसद शामिल हुए. इस दौरान बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई. बता दें 2026-27 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार नौवां बजट होगा. बजट सत्र 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा.

# वेकोलि ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस

**नागपुर, 27 जनवरी. वेकोलि में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कंपनी के इंदोरा स्थित परेड मैदान में आयोजित समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सुरक्षा परेड का निरीक्षण किया.**

आगे, उन्होंने टीम वेकोलि को संबोधित किया तथा उत्कृष्ट सुरक्षा कर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में दिनांक 25.01.2025 की स्थिति को साझा करते हुए बताया कि वेकोलि ने कुल 45.89 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है.



# अरिजीत ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास का किया ऐलान

**नई दिल्ली.** देश के मशहूर पार्श्व गायक (प्लेबैक सिंगर) अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी है. 38 वर्षीय अरिजीत सिंह ने यह जानकारी स्वयं साझा की.

अरिजीत सिंह, जो अपनी भावपूर्ण और सुरीली आवाज के लिए जाने जाते हैं, ने बताया कि वह अब फिल्मों के लिए पार्श्व गायन नहीं करेंगे. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वर्षों तक श्रोताओं से मिले प्यार और समर्थन के लिए वह आभारी हैं और अब इस पेशे को अलविदा कहने का समय आ गया है. हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इसके पीछे कोई व्यक्तिगत या पेशेवर कारण है.

# पाकिस्तान की बुनियादी क्षमता कमजोर, रैंकिंग में 14वां स्थान

**नई दिल्ली, 27 जनवरी. ग्लोबल फायरपावर ने 2026 की मिलिटरी स्ट्रेंथ रैंकिंग जारी की है, जिसमें दुनिया के 145 देशों की सेनाओं की ताकत का विश्लेषण 60 से अधिक मानदंडों पर किया जाता है.**

इसमें सैनिक संख्या, हथियार, विमान, नौसेना, रक्षा बजट, भूगोल और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं. पावर इंडेक्स स्कोर जितना कम, सेना की ताकत उतनी ज्यादा मानी जाती है. रैंकिंग के शीर्ष 10 देश इस प्रकार हैं संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व की सबसे मजबूत सेना, वायु और नौसेना में अग्रणी रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद दूसरी पायदान पर, चीन तेजी से बढ़ती नौसेना और आधुनिक क्षमताएं और भारत बड़ी सेना, राफेल, मिसाइल सिस्टम और एस-400 सहित मजबूत रैंक पर है. दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जापान, यूके, तुर्की, इटली जैसे इस रैंकिंग में पाकिस्तान 14वें स्थान पर रहा, जो पिछली रैंकिंग में 12वां था. ग्लोबल फायरपावर विश्लेषण के अनुसार पाकिस्तान की रैंकिंग में गिरावट के पीछे कई कारक हैं. यूरोपीय व अन्य रक्षा विश्लेषकों ने इसे भारत की सैन्य रणनीति की सफलता बताया और पाकिस्तान की वायु रक्षा तथा बुनियादी क्षमताओं में कमजोरियां उजागर होने का संकेत माना.

# भारत-यूरोप रक्षा उद्योग साथ काम करें

### यूरोपीय आयोग की उच्च बैठक में बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, 27 जनवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा है कि भारतीय और यूरोपीय रक्षा उद्योगों को वैश्विक हित में मिलकर काम करने की जरूरत है इससे भारत का आत्मनिर्भरता का दृष्टिकोण तो आगे बढ़ेगा.**

साथ ही यह यूरोपीय संघ की रणनीतिक स्वायत्तता की आकांक्षा केअनुरूप भी है. श्री सिंह ने मंगलवार को यहां यूरोपीय आयोग की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष सुश्री काजा कल्लास के साथ बैठक के दौरान यह बात कही. सुश्री कल्लास ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ को हिंद



महासागर क्षेत्र में मिलकर कार्य करना चाहिए और संयुक्त अभ्यासों के माध्यम से एक-दूसरे की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखना चाहिए. रक्षा मंत्री ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग की उच्च प्रतिनिधि सुश्री काजा कल्लास से भेंट कर प्रसन्नता हुई. बैठक के दौरान द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई.

> उन्होंने कहा कि भारत इन मूल्यों को वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि के लिए व्यावहारिक सहयोग में बदलना चाहता है. श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि वैश्विक हित में भारतीय और यूरोपीय रक्षा उद्योगों को अपने प्रयासों में तालमेल स्थापित करना चाहिए. यह भारत के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है और साथ ही यूरोपीय संघ की रणनीतिक स्वायत्तता की आकांक्षा के अनुरूप भी है. यह साझेदारी विश्वसनीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं के निर्माण में एक गुणक के रूप में कार्य करेगी.

## एक नजर में



### ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 4 की मौत

**दौसा, 27 जनवरी.** राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. पापड़दा थाना क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंस गई और करीब 8 किलोमीटर तक ट्रक के साथ घिसटती चली गई. हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.

### ऑस्ट्रेलिया में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**सिडनी, 27 जनवरी.** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य में एक सिंगल-इंजन वाला हल्का विमान मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सवार दो लोगों पायलट और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई. यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी. विमान नीचे आ गया और गोल्ड कोस्ट के बाहरी इलाके में स्थित एक छोटे से हवाई अड्डे, हेक फील्ड के बाहर झाड़ियों वाले इलाके में जमीन से टकरा गया. इस दुर्घटना के कारण इलाके के घास में भीषण आग लग गई.

### देशभर में यूजीसी के नए नियमों को लेकर विरोध

**नई दिल्ली.** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है. नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं. उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया. इधर, उच्चतम न्यायालय में हाल ही में अधिसूचित विवि अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है.

### एसिड अटैक पर केंद्र सख्त कानून बनाए : सुको

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसिड अटैक मामलों में दोषियों के कड़ी सजा की जरूरत पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- जब तक सजा आरोपी के लिए दर्दनाक नहीं होगी, ऐसे अपराध रुकने वाले नहीं हैं। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन, जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- यहां सुधारवादी दंड सिद्धांत की कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में दहेज हत्या की तरह आरोपी को ही अपनी बेगुनाही साबित करनी पड़ सकती है।

# हरिद्वार में स्वामी रामदेव ने दोहराए पंचप्रण

### स्वदेशी संकल्प से विकसित भारत आव्हान

**हरिद्वार 27 जनवरी, पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने पतंजलि वेलनेस, फेस-2 में ध्वजारोहण कर देशवासियों को देश के 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं.**

इस अवसर पर स्वामी जी ने स्वदेशी शिक्षा, स्वदेशी चिकित्सा, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, स्वदेशी सनातन जीवन पद्धति तथा स्वदेशी से स्वावलम्बी विकसित भारत-पञ्चप्रण लेते हुए राष्ट्रसेवा की बात कही. स्वामी जी ने कहा कि कहीं टैरिफ टैरेरिज़्म चल रहा है, कहीं सत्ता का उन्माद, कहीं सम्पति का उन्माद और कहीं मजहबी उन्माद,



और भारत में तो सनातनधर्मियों में ही एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करके सनातन में भी गौमाता, गंगा व पालकी के नाम पर उन्माद फैलाने की बात की जा रही है. अमेरिका ने कनाडा को 100 प्रतिशत टेरिफ की धमकी दी तो कभी भारत पर 25-50 प्रतिशत, कभी किसी देश पर तो 500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी, दुनिया एक बहुत खतरनाक दौर से गुजर रही है. ऐसे में हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत, स्वस्थ, समृद्ध, संगठित भारत बनाना है तो स्वदेशी शिक्षा, स्वदेशी चिकित्सा, अर्थव्यवस्था और अपनी सनातनी विरासत को सर्वोपरि गौरव और महिमा देते हुए आज गणतंत्र दिवस पर अपने कर्तव्य पथ पर प्रतिबद्धता के साथ इस रूप के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है कि हम भारत को दुनिया के सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति सबसे बड़ी सैन्य शक्ति सबसे बड़ी राजनीतिक सामाजिक और आध्यात्मिक शक्ति के रूप में विकसित कर पाएं.


## आज का इतिहास

- 1556- मुगल शासक हुमायूं की मौत.
- 1813 - युनाइटेड किंगडम में पहली बार प्राइड एंड प्रेजुडिस किताब का प्रकाशन.
- 1835 - पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत.
- 1860 - ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से निकारागुआ को मास्क्विटो तट लौटा दिया.
- 1865 - लाला लाजपत राय का जन्म.
- 1878 - येल डेली न्यूज युनाइटेड स्टेट्स में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र बना.

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : योगी

**गोरखपुर, 27 जनवरी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की.**

उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों की बात ध्यान से सुनी, उनके प्रार्थना पत्र को पड़ा. फिर आत्मीयता से बोले, 'घबराइए मत, समस्या का समाधान कराया जाएगा.' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं. मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर



परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए. कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद चलकर पहुंचे. अपनेपन के भाव में 'कहां से आए हैं, क्या बात है', कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं.

# विजय की फिल्म फिर अटकी, केस सिंगल बेंच के पास लौटा

**मद्रास, 27 जनवरी. मद्रास हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने 27 जनवरी 2026 को थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' के सेंसर सर्टिफिकेट विवाद में नया आदेश दिया.**

कोर्ट ने सिंगल जज के उस निर्देश को रद्द कर दिया, जिसमेंसीबीएफसी को यूए सर्टिफिकेट जारी करने को कहा गया था, और मामले को दोबारा सिंगल बेंच के पास भेज दिया. अदालत ने कहा कि सेंसर बोर्ड को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए. इससे फिल्म की रिलीज और टल गई है. थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज



पर अनिश्चितता बनी हुई है. मंगलवार को मद्रास हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन शामिल थे, ने सिंगल जज के उस आदेश को रद्द कर दिया. फिल्म सर्टिफिकेशन को फिल्म को युए सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया गया था. अदालत ने मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए फिर सिंगल बेंच को सौंप दिया.

### वर्चुअली मैसेज | एनर्जी वीक 2026 के चौथे एडीशन का उद्घाटन

# एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है : पीएम मोदी

**पणजी, 27 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इंडिया एनर्जी वीक 2026 के चौथे एडीशन का उद्घाटन किया. पीएम ने अपने वर्चुअल मैसेज के जरिए कहा कि एनर्जी सेक्टर के लिए भारत मौकों की जमीन है, क्योंकि इसमें मांग तेजी से बढ़ रही है.**

उन्होंने कहा-भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है. इसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है. इसके अलावा, भारत दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन मौके देता है. अपने मैसेज में पीएम ने इंडिया-ईयू



फ्री ट्रेड डील की भी चर्चा की. उन्होंने कहा- भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है. यह समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए जबरदस्त मौके लाता है. यह लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ के लिए हमारे कमिटमेंट को भी मजबूत करता है. ट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ने इथेनॉल सप्लाई ईयर 2025 में लगभग 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल की है, जिसके चलते पिछले एक दशक में लगभग 19.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और किसानों को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का सीधा भुगतान किया गया है. बता दें कि इंडिया एनर्जी वीक 2026 ग्लोबल एनर्जी एग्जीबिशन कॉन्फ्रेंस है. यह 30 जनवरी तक चलेगा. इसमें 75 हजार से ज्यादा एनर्जी प्रोफेशनल, 700 से ज्यादा एग्जीबिटर, 550 से ज्यादा एक्सपर्ट स्पीकर शामिल होंगे.

> यह समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए जबरदस्त मौके लाता है. यह लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ के लिए हमारे कमिटमेंट को भी मजबूत करता है. इंडिया एनर्जी वीक 2026 ग्लोबल एनर्जी एग्जीबिशन कॉन्फ्रेंस है. यह 30 जनवरी तक चलेगा. इसमें 75 हजार से ज्यादा एनर्जी प्रोफेशनल, 700 से ज्यादा एग्जीबिटर, 550 से ज्यादा एक्सपर्ट स्पीकर शामिल होंगे.